Regarding construction of bridge on River Bagmati

श्रीमती लवली आनंद (शिवहर) : सभापति महोदया, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, जिसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

महोदया, मैं शिवहर लोक सभा क्षेत्र से आती हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर के परनहिया प्रखण्ड के अदौरी घाट से खोरीपाकर, पूर्वी चम्पारण जिले को जोड़ने वाली बागमती नदी पर पुल निर्माण की मांग दशकों से लम्बित है । पुल का निर्माण हो जाने से दोनों जिलों की दूरी काफी कम हो जायेगी और करीब 4-5 लाख की आबादी को सीधे लाभ मिलेगा । साथ ही, सीतामढ़ी जिला पूर्वी चम्पारण से जुड़ जाएगा और उसकी भी दूरी कम हो जाएगी । जब वहां पर बारिश ज्यादा हो जाती है तब बाढ़ की समस्या हो जाती है, कटान हो जाता है । इसलिए वहां पर कम से कम डैम बनाया जाए । इस पुल के बन जाने से सीतामढ़ी, पूर्वी चम्पारण और सीतामढ़ी का जानकी धाम और अयोध्या का सम्पर्क सीधा जुड़ जायेगा ।

अतः मैं माननीय ग्रामीण विकास मंत्री से आग्रह करती हूँ कि केन्द्र सरकार इस पुल के निर्माण के लिये जल्द से जल्द स्वीकृति प्रदान करे ।